खाटू वाले की महफ़िल में आजा,
श्याम प्यारे के सत्संग में आजा,
हाँ प्रेम से एक ठुमका लगा जा,
झूम जरा झूम जरा झूम जरा,
ओ प्यारे झूम जरा झूम जरा।।

तर्ज मेरा भोला है जग से निराला।

नाचे राजे महाराजे,
ढोलक संग बाजा बाजे,
दुनिया बहुत नचाएगी,
आज यहाँ जो ना नाचे,
इक ठुमके का इक वर दे,
बाबा जब किरपा कर दे,
लाज का है क्या काम यहाँ,
तू है और तेरा श्याम यहाँ,
लाज का है क्या काम यहाँ,
तू है और तेरा श्याम यहाँ,
श्याम के रंग में तनमन रंगाजा,
प्रेम से एक ठुमका लगा जा,
झूम जरा झूम जरा झूम जरा,
ओ प्यारे झूम जरा झूम जरा।।

श्याम भजन की बेला है,
दीवानो का मेला है,

दशो दिशाओ से आया,
खाटु में ये रेला है,
भजन की बहती गंगा है,
जन जन का मन चंगा है,
बांध से घुंगरू पाँव में,
आजा श्याम की छाव में,
बांध से घुंगरू पाँव में,
आजा श्याम की छाव में,
नाच ऐसे की महफ़िल पे छा जा,
प्रेम से एक ठुमका लगा जा,
घूम जरा घूम जरा घूम जरा,
ओ प्यारे घूम जरा।।

सांसो की खड़ताल बजा,
झूम के आजा धमाल मचा,
भूल जा दुनियादारी तू,
सबको अपने नाल नचा,
वक्त ये फिर ना आएगा,
चुका तो पछताएगा,
चल चकदे फट्टे प्यारे,
क्या सोचे अब आजा रे,
चल चकदे फट्टे प्यारे,
क्या सोचे अब आजा रे,
खाटु वाले का मन बहला जा,
प्रेम से एक ठुमका लगा जा,
झूम जरा झूम जरा झूम जरा,
ओ प्यारे झूम जरा झूम जरा।।

खाटू वाले की महफ़िल में आजा,
श्याम प्यारे के सत्संग में आजा,
हाँ प्रेम से एक ठुमका लगा जा,
झूम जरा झूम जरा झूम जरा,
ओ प्यारे झूम जरा झूम जरा।।

Source: https://www.bharattemples.com/khatu-wale-ki-mehfil-mein-aaja/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw